**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक 10.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **जनपद के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार प्रमुख सचिव,सामान्य प्रशासन,भाषा एवं संस्कृति द्वारा स्वच्छता अभियान की समीक्षा तथा वजीरगंज, किला वार्ड एवं अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया गया।**

मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा जारी आदेश दिनांक 09 जुलाई,2020 के क्रम में कोविड–19 एवं अन्य वेक्टरजनित रोगों की रोकथाम हेतु दिनांक 10,11,12 जुलाई को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य की समीक्षा एवं निरीक्षण हेतु शासन द्वारा प्रत्येक जनपद के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासनादेश के अनुपालन में आज दिनांक 10.7.2020 को जनपद–शाहजहाँपुर के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार प्रमुख सचिव,सामान्य प्रशासन,भाषा एवं संस्कृति,प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन तथा राष्ट्रीय एकीकरण द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का निरीक्षण नगर निगम,शाहजहाँपुर के मो0 वजीरगंज वार्ड किला में किया गया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा जनमानस से साफ–सफाई,सेनेटाइजेशन,दवा छिड़काव, तथा फागिंग के कार्यो के सम्बन्ध में फीडबैक लिया गया। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय जनता द्वारा बताया गया कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता के अभियान के अन्तर्गत नियमित रूप से साफ–सफाई,सेनेटाइजेशन,दवा छिड़काव, तथा फागिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है। प्रमुख सचिव द्वारा मो0 वजीरगंज मलिन बस्ती प्रत्येक गलियो का निरीक्षण किया गया एवं साफ–सफाई एवं अन्य कार्यो से संतोष जाहिर किया गया। क्षेत्रीय नागरिक श्री प्रमोद द्वारा एक गली निर्माण की मॉग की गयी। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव द्वारा नगर आयुक्त को उक्त कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पूर्व प्रमुख सचिव महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट में बैठक कर विशेष सफाई अभियान की समीक्षा की गयी। इस बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रमुख सचिव महोदय को अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में वेक्टरजनित रोगो तथा अन्य संचारी रोगो तथा कोविड–19 के रोकथाम प्रभावित नियत्रंण तथा उपचार हेतु प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 30 जून,2020 के अनुपालन में वार्डवार नोडल अधिकारियो की तैनाती कर नगर क्षेत्र मे वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक जोन के लिये नगर निगम वरिष्ट अधिकारियो एवं नोडल अधिकारियो को नामित किया गया। नाले की सफाई, नालियों मे दवा छिड़काव,जल निकासी की समुचित व्यवस्था,खुले मे शौच से मुक्त,वातावणीय स्वच्छता तथा सार्वजिनक प्रतिष्ठानो/ स्थलो पर विशेष सफाई अभियान चला जा रहा हैं। शुद्ध पेयजल की आपूर्तित सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई करायी जा रही है। जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी,नगर आयुक्त एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
10/7/2020

Generated by CamScanner